## एक नजर में

### जिला चिकित्सालय में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगेगा

**रतलाम।** सिविल सर्जन डॉ. एम एस सागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय रतलाम में फीवर क्लिनिक पर विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर 8 सितंबर सोमवार को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आने वाले लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में फिजियोथैरेपी संबंधी सेवाएं तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी। शिविर के दौरान फिजियोथैरेपिस्ट उपस्थित रहकर आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे।

### माय फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप की संगीत प्रतिभाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया

**रतलाम।** अमृत वर्षा की बूंदों की खनक लिए माय म्यूजिकल फ्रेड्स ग्रुप रतलाम ने गुलाब चक्कर को स्वरों से महकाया नगर के योग संगीत सेवा प्रकल्पों से जुड़ी दो दोस्तों की जोड़ी नित्येन्द्र आचार्य विशाल कुमार वर्मा की ने नवाचार का भाव लिए आयोजन किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरुजनों के प्रति श्रृद्धा समर्पण भाव समर्पित करते हुए सुमधुर गीतों की श्रृंखला ने श्रोताओं का मन मोह लिया। विशेष तौर पर नव गायकों ने पहली बार मंच साझा किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गुलाब चक्कर मुख्य व्यवस्थापक अश्विनी शुक्ला उपस्थित रहें। संचालन विशाल कुमार वर्मा ने किया गया। आयोजन में नित्येन्द्र एम आचार्य, विशालकुमार वर्मा, डॉ. मोहन ठाकुर, मुकेश सिंह खंगरोत्रे, डॉ. सुदर्शनासिंह प्रकाश बागड़ी पेपसिंह, दिशा सांकला, चंचल मईड़ा, शालू पंवार, अजय आचार्य, राजेन्द्रसिंहजी, सतीश सिसोदिया, प्रज्ञा विजयवर्गीय, यशवंतजी आदि थे।

### चरित्र शंका में मारपीट

**रतलाम।** शंका को लेकर एक दम्पत्ति के बीच विवाद हो गया। इसमें पति ने पत्नी की पीटाई कर दी। माणचौक पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की चरित्र की शंका को लेकर पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### विवाद के बाद मारपीट, प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** किसी बात को लेकर कॉलोनी में दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं। पुलिस के अनुसार लक्ष्मी नगर निवासी संदीपपिता मनोहरलाल मूणत का वहीं के निवासी अभिषेक पिता सुशील मूणत का विवाद हो गया। विवाद में अभिषेक ने भाई गोलु और पिता सुशील के साथ मिलकर संदीप के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ कर नुकसान किया। फरियादी संदीप की रिपोर्ट पर स्टेशन रोड पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

### शराब के रुपए नहीं देने पर पत्नी को पीटा

**रतलाम।** जिले के ग्राम में पत्नी की पति ने पिटाई कर दी। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार बड़ावदा थाना क्षेत्र के मगरा में 26 साल की महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति शराब के रुपए मांग रहा था, रुपए नहीं देने पर उसने पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### विवाद में मारपीट

**रतलाम।** जिले के ग्राम में किसी बात को लेकर पहले विवाद हुआ। विवाद इतना बड़ा की मारपीट हुई और बात थाने तक बात पहुंच गई। पुलिस ने मामले में शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम उमर निवासी जगदीश पिता शांतिलाल लबाना का हकरु पिता पुंजा मईडा का विवाद हो गया। विवाद में हकरु ने जगदीश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### जान से मारने की दी धमकी

**सैलाना।** क्षेत्र के धामनोद में विवाद के बाद जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं। सैलाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के धामनोद निवासी सुरेश पिता रामरतन राणा का दशरथ पिता रमेश से विवाद हो गया। जिसमें दशरथ ने सुरश के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### डीसीबी बैंक ने सामाजिक संस्थाओं के साथ किया वृक्षारोपण

**रतलाम।** डीसीबी बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को निभाते हुए विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान के तहत वर्षित फाउंडेशन एवं दिव्या जीवन संस्था के सहयोग से अनुसूचित जाति कन्या वरिष्ठ छात्रावास परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बैंक के ब्रांच मैनेजर प्रखर कोठारी ने कहा कि वृक्षारोपण स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी संस्थाओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में बैंक स्टाफ सर्वश्री सतीश भोजने, जितेंद्र राठौर, देवेंद्र सिंह भाटी, अंकित राठौर, रुपेश चौरसिया, रोहित एम., शुभेंद्र जैन एवं जयंत मिश्रा ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### नष्ट हुई फसलों का करें निरीक्षण, कांग्रेस कल देगी ज्ञापन

**जावरा।** तहसील में हो रही अतिवृष्टि एवं सोयाबीन फसल में पीला मोजेक बीमारी से भारी नुकसान होकर नष्ट हो गई है, किंतु शासन की जानकारी में होने के बाद भी जिला प्रशासन व कृषि अधिकारीयो द्वारा नुकसान होने का निरीक्षण, आंकलन अब तक पूरा नहीं किया गया तथा पिछले वर्षों में शासन की लापरवाही के कारण किसान बीमा पाने से वंचित रह गए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा शहर अध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने बताया इस हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा ग्रामीण एवं शहर के नेतृत्व में कल सोमवार को दोपहर 12:30 बजे अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा. जिसमें किसान साथियों, कांग्रेस कार्यकर्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडलम, सेक्टर व कांग्रेस के सभी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हो। ताकि समय रहते किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाई जा सके।

### पुष्पक चौरसिया अध्यक्ष, संदीप दसेड़ा सचिव मनोनीत, नवदुर्गा उत्सव समिति की कार्यकारिणी गठित




**जावरा।** नवरात्रि पर्व को लेकर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कोठी बाजार की नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाई जाने हेतु सदस्यों की बैठक राधेश्याम मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें कोषाध्यक्ष द्वारा गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। फिर आगामी कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियो की घोषणा हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर पुष्पक चौरसिया, सचिव संदीप दसेड़ा, कोषाध्यक्ष प्रियंक धारीवाल को मनोनीत किया। साथ ही चेतना मनोरंजन मेला संयोजक सुरेश सोलंकी, नगिन सकलेचा, टीकमदास रामचंदानी, गरबा संयोजक राजा चंचलानी को मनोनीत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में संस्था के संरक्षक अनिल दसेड़ा, भरत मनसुखानी, विनोद मेहता, आलोक मोदी, राजकुमार पोरवाल, विशाल पटेल, पंकज पोरवाल, प्रकाश कांटेड सर्राफ आदि मौजूद थे। संचालन संजय मेहता व आभार हेमंत ठक्कर ने माना।

# भारी मन से दी बप्पा को विदाई, गूंजा गणपति बप्पा मोरिया...

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर सहित जिले में 10 दिवसीय गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणपति बप्पा मोरिया...अगले बरस तू जल्दी आ के नारों की गूंज के साथ शनिवार को सुबह से श्रीगणेशजी की बिदाई शुरू हुई तो भक्तों की आंखे नम हो गई।

**पांडालों में खूब रंग-गुलाल उड़ा, 10 दिवसीय गणेशोत्सव का समापन**



शहर के सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों के पांडालों में शनिवार को भावुक दृश्य नजर आ रहे थे। दस दिन का उल्लास और चाकाचौंथ बप्पा अपने साथ लिए जा रहे थे। सुबह बिदाई के समय पांडालों में खूब रंग-गुलाल उड़ाया गया और अगले बरस जल्दी जाने की गूंज देर तक सुनाई देती रही। घर-परिवार में भी श्रद्धा-आस्था के साथ श्रीगणेशजी को उनके धाम के लिए रवाना किया गया। बप्पा को महाभोग अर्पित कर अंतिम आरती की गई। विदाई के चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और डीजे की धून पर नाचते गाते चल रहे थे। श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पैलेस रोड पर 10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव को परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं देर रात को शहर की सड़कों पर झिलमिलाती झांकियों का कारंवा निकला। इसके साथ ही जवाहरलाल व्यायाम शाला, श्री राधाकृष्ण व्यायामशला, कार्तिक व्यायाम शाला, श्री आरोग्य हिन्द व्यायामशाला सहित अन्य अखाड़ों के पहलवान अपनी कला और करतबों का प्रदर्शन करते नजर आए।

**डीजे और ढोल के साथ दिनभर निकला चल समारोह**



डीजे और ढ़ोल के साथ दिनभर चल समारोह निकला। महिलाओं से लेकर बड़े और बड़े बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए। शहर के प्रमुख विसर्जन स्थलों झाली तालाब और जामड़ पाटली आदि स्थानों पर मूर्ति विसर्जन पर रोक लगा दी गई है। गणपति बप्पा को झाली तालाब ले जाया जाता है और फिर नगर निगम द्वारा सभी गणेश प्रतिमाओं को पानी में विसर्जित किया जाएगा।

## आफत की बारिश : जिले में अब तक 46 इंच से अधिक वर्षा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में करीब 25 दिन से मानसून सक्रिय बना हुआ है और कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश हो रही है। पिछले एक सप्ताह से कई बार मूसलधार बारिश हुई। तेज बारिश अब तबाही मचा रही है और खेतों में पानी भरने से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। वहीं कई बार लोगों के घरों, रेलवे स्टेशन की पटरियों पर भी पानी भर गया। घरों में पानी घुसने से लोगो को काफी नुकसान हुआ है। वहीं दो दिन पहले ग्राम घटवास में बारिश के दौरान चक्रवात आने से कई मकानों के शेड उड़ गए थे। जिले में अब तक 46.02 इंच बारिश हो चुकी है। जिले के कई नदी नाले ऊफान पर चल रहे है। चार सितंबर को सुबह करीब 11 बजे ग्राम आलनिया की रपट पार करते समय 45 वर्षीय राजू मोरी निवासी ग्राम आलनिया पानी में बह गया था। उसका शव 5 सितंबर को सुबह करीब 7.30 बजे बड़े पुल के पास नाले में मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया था। पांच व छह सितंबर की रात जोरदार बारिश होने से खाचरोद रोड स्थित जड़वासा की पुल तथा उससे करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित मलवासा की पुलिस पर पानी आने से रास्ता बंद हो गया था तथा कुछ लोग फंस गए थे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची थी तथा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला था। वहीं शनिवार दोपहर हतनारा-कुशलगढ़ की रपट पर बहते पानी में बाइक असंतुलित होकर गिरकर बह गई। ग्रामीणों के अनुसार बाइक पर सवार दो युवक बाइक से कूदकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे।

शुक्रवार शाम, रात व शनिवार शाम तक रतलाम शहर, जावरा नगर व जिले के अन्य क्षेत्रों में रुक-रुक कर रिमझिम व तेज बारिश होती रही। शुक्रवार व रात में हुई तेज बारिश से रतलाम शहर के नाले ऊफान पर आ गए थे तथा निचली बस्तियों, कालोनियों सहित अनेक सड़कों पर जलभराव हो गया था तथा कई घरों में पानी भर गया था। वहीं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म चार का रेलवे ट्रेक भी पानी में डूब गया था। इस कारण प्लाटफार्म नंबर चार पर आने वाली ट्रेनों को प्लेटफार्म पांच व छह पर डायवर्ट कर निकाला गया था।

**खेतों में पानी भरने से फसलें होने लगी खराब**



**सैलाना में सबसे ज्यादा बारिश**

कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 24 घंटे में रतलाम जिले में औसत 40.63 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें आलोट में 4 मि.मी., जावरा में 19 मि.मी., ताल में मि.मी. 1, पिपलोदा में 92 मि.मी, बाजना में 28 मि.मी., रतलाम में 128 मि.मी., रावटी में 32 मि.मी., सैलाना में 21 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। 01 जून से लेकर आज दिनांक तक रतलाम जिले में औसत वर्षा 1169.13 मि.मी दर्ज की जा चुकी है।



## महत्वपूर्ण तिथियों पर पितरों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन होगा

**रतलाम।** श्राद्ध पक्ष की महत्वपूर्ण तिथियां पर पितरों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन होगा। वाघेला गो सेवा जीव दया समिति द्वारा पितरों को सामूहिक तर्पण के तैयारी के लिए बैठक रखी। बैठक कॉलेज रोड स्थित श्री दंडी स्वामी मठ पर महंत आत्मानंदजी सरस्वती के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। बताया कि श्राद्ध पक्ष की कुंवार पंचम डोकरिया नवमी, सर्व पितृ अमावस्या को श्राद्ध पक्ष का सामूहिक भोज का आयोजन नगर के प्रमुख वृद्ध आश्रमों, गो सेवा में सेवा देने वाले सेवादार, मंदबुद्धि के स्कूल व अन्य जगहों पर कराई जावेगा। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने बैठक में बताया कि यह सभी वे महत्वपूर्ण तिथियां है जिसको हर परिवार को इन तिथियां पर श्राद्ध करना चाहिए जिससे सनातनी धर्मावलंबियों को अपने पुरखों के प्रति आदर परंपरा आस्था का भाव उत्पन्न होता है जिससे हमारे पूर्वज प्रसन्न होते हैं। साथ ही इससे परिवारों को सुख शांति की प्राप्ति होती है। बैठक में दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, गोविंद सिंह शेखावत, महावीर सिंह शक्तावत, कैलाश सोमानी, राजकुमार पंजाबी व महिला मंडल प्रमुख श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, श्रीमती आशा भट्ट व अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

### मारपीट व दुकान में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया

**रतलाम।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुरा माताजी में एक युवक के साथ चार ने मिलकर मारपीट की, पत्थर से हमला किया और एक की दुकान में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार ग्राम मकनपुरा निवासी गोविंद पिता प्रभु अमलिया ने पुलिस को बताया कि वह राजापुरा माताजी देवु भगोरा की दुकान पर गया था। जहां किसी बात को लेकर शंभू पिता कालु भाभर से विवाद हो गया। इस पर शंभू ने शांतु पिता कलजी भाभर, नारायण पिता बाबूलाल भाभर, रितेश पिता लक्ष्मण भाभर के साथ मिलकर गोविंद और दलीतचंद पिता प्रभु अमलिया के साथ मारपीट कर पत्थर से हमला किया और देवु भगोरा की दुकान में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। फरियादी गोविंद की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।



### चल समारोह में झांकी के साथ अखाड़ा निकले

**रतलाम।** पैलेस रोड स्थित नित्य चिंता हरण गणपति मंदिर पर आरती संपन्न करने के पश्चात जल्द समारोह निकाला। जिसमें झांकी भी बनाई गई झांकी का दृश्य भगवान श्री कृष्ण टोकरी में है और वासुदेव उनको यमुना पार कर रहे हैं तेज बारिश के कारण शेषनाग ने उन्हें बारिश के जल से रक्षा करते हुए अपना छत्र बनाया। इसमें आरती में मुख्य अतिथि इप्का लेबोरेटरीज लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट श्री दिनाज सियाल व विक्रम कोठारी का पी आर ओ थे मुख्य अतिथियों ने अनंत चतुर्दशी पर्व पर झांकी का पूजन किया और पैलेस रोड से झांकियां चल समारोह निकला गया जो संपूर्ण रात्रि रतलाम शहर में घूमेगा। साथ ही चिंता हरण गणपति मंदिर का अखाड़ा भी निकाला जा रहा है जो शहर के मुख्य स्थान पर प्रदर्शन करेगा। उक्त जानकारी जनक नागल ने दी।

## हमें हमेशा क्षमा मांगनी और करनी चाहिए : डॉ. संयमलता मसा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** दिगम्बर समाज का आज क्षमापना पर्व है। और आज अनंत चतुर्थी भी है इस दिन अनन्तनाथ भगवान की साधना करना चाहिए। इस अवसर पर धर्मसभा को समबोधित करते हुए जैन दिवाकरीय महासाध्वी डॉ. संयमलता म सा ने कहा की रोड़ कितनी भी साफ हो धूल हो जाती है और मन कितना हि साफ हो भूल हो जाती है। इसलिए हमे हमे हमेशा क्षमा मांगनी चाहिए और क्षमा करना चाहिए।

इस अवसर पर धारणी और चन्दनबाला का वृत्तांत सुनाते कहा की धारणी ने अपने शील की रक्षा के लिये स्वंय की जीभ खींचकर प्राण त्याग दिये। मुत्ता सेठानी ने चन्दनबाला के ईर्षा वश बाल कटवा दिये थे, हाथ पैर मे बेड़िया डलवा दी और हाथ मे उड़द के बाकले थे उसी समय भगवान महावीर जिनका पांच माह का पारना था तो वो नगर मे पधारे उनके 13 अभिग्रह थे जब वो चन्दन बाला के द्वार पर पधारे तो उनके 12 अभिग्रह पूर्ण हो रहे थे मगर एक अभिग्रह आँखों मे आशु वाला नाही फल रहा था तब प्रभु उनके द्वार से वापस जाने लगे तो चंदनबाला की आँखों मे आंशु आ गये और प्रभु का 13 अभिग्रह फल गया तब भगवान ने चंदनबाला के हाथो से पारना किया।

इस अवसर पर डॉ कमलप्रज्ञा म सा ने फरमाया की संगीत के सात सुर का पहला सुर सा। सा हमें संदेश देता है की जन्म से लेकर मृत्यु तक व्यक्ति सुखी होने का प्रयत्न करता रहता है। बच्चा भी रोकर माँ की गोद में जाकर सुखी होना चाहता है। इतनी दौड़ आप करते हो इतनी मेहनत करते हो सुविधा के लिए क्या आप फिर भी सुखी हो। व्यक्ति खूब मेहनत करता है सोचता है कि मुझे एक कार चाहिए, मेहनत करके व्यक्ति कार खरीद भी लेता है। तुरन्त खुश होता हैं, लेकिन बाद की परेशानियों से परेशान हो जाता है इसलिए मतलब गाडी लाने के सुख चार और दुख हजार है।

संगीत सुर का पहला अक्षर सा हमें प्रेरणा देता है सुख साधन में नही साधना में है। सच्ची साधना संतोष की साधना है। पदार्थों की प्राप्ति के लिये साधन जरूरी है। परमात्मा की प्राप्ति की लिये साधना जरूरी है। हमारी गुरुवर्या संयमलता जी मसा पिछले 25 वर्षो से लगातार दोपहर 11.30 से 12.30 साधना कर रहे है और अगर दिन मे नही हो पाती तो रात्रि मे करते है और नवरात्रि के दिनों में सिर्फ 2 घंटे आराम करती है। तप और जप में लगातार लगे रहते है मसा की साधना का ही चमत्कार है आपकी मांगलिक कई लोगों के कष्ट को दूर करती है।



## 50 लाख से बनेगी श्री रामजानकी राधा-कृष्ण मंदिर की छत

**जावरा।** छोटा मालीपुरा स्थित फूलमाली समाज के श्री रामजानकी राधा-कृष्ण मंदिर की द्वितीय छत के निर्माण हेतु समाजजन बड़-चड़कर सहयोग राशि प्रदान कर रहे हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार को सकल पंच फूलमाली समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल की अगुवाई में समाज के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मंदिर की छत के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। जानकारी के अनुसार उक्त मंदिर की दूसरी मंजिल की छत तैयार होने में लगभग 51 लाख रुपए की राशि व्यय होने का अनुमान है। इस हेतु माली समाज के लोग खुलकर मुक्तहस्त से दान देकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर मोहन लाल सैनी, रमेश सैनी, श्याम दगदी, विजय सैनी माटसाब, जुगल सैनी, रामचंद्र पटेल, कैलाश सैनी, पिरुलाल सुईवाल, केलास सुईवाल, कन्हैया लाल मारोठीया, रमेश टांक, जगदीश सैनी, जगदीश सांकला, बद्रीलाल चारोड़िया, संजय सैनी, किशन सैनी, कैलाश सैनी टी आई साब, मनोहर बागवार, धीरज सैनी, विजय सैनी, दिनेशसैनी, गोपाल सैनी, तरुण गोरीवाल आदि उपस्थित रहे।

**झांकी** — झांकी में पुष्पक विमान से श्रीराम आए अवध की ओर

## रात में नपा ने निकाली झांकी

नवभारत न्यूज़

**जावरा।** 10 दिवसीय गणेशोत्सव का समापन गाजे-बाजे व ढोल-ढमाको के साथ रिमझिम बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने आस्था पूर्वक शनिवार को किया। इस दौरान घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानो तथा मैदानों में विराजे बप्पा की 10 दिनों तक आस्था पूर्वक भक्ति भाव से सेवा तथा पूजा, आरती कर प्रसादी का वितरण किया। वहीं अंतिम दिन चंबल, मलेनी के साथ ही शुजापुर तालाब और मिंडाजी में मुर्ति का विसर्जन किया गया। शनिवार को दोपहर बाद विभिन्न संस्थाए, सामाजिक संगठन के युवकों ने ट्रेक्टर, ट्रक, मिनीडोर, टेम्पो, ठेलागाड़ी के साथ ही दो पहियॉ वाहनों पर गजानन को विराजमान कर अगले बरस तु जल्दी आना के जयकारें लगाते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर से दुर चंबल व मलेनी नदी के साथ ही शाजापुर व कुंए, बावड़ियों में विघ्नहर्ता को विसर्जित किया। बारिश के बीच दोपहर से शुरू हुआ विसर्जन देर शाम तक चलता रहा। इधर राजस्व अध्यक्ष व देहाती संयोजक लोकेश विजवा ने बताया अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर पालिका की ओर से रात 8 बजे नगर पालिका प्रांगण से निकली झिलमिल झांकी में पुष्पक विमान से श्रीराम आये अवध की ओर का दृश्य दर्शाया गया है। झांकियों के आगे गणेशजी की प्रतिमा भी थी। साथ ही वाल्मिकी समाज का अखाड़ा भी हैरत अंग्रेज करतब दिखा रहा था।



**गजानन निकले ट्रेक्टर में:** यादव मोहल्ला, पिपली बाजार, बजाजखाना, पुनम विहार, खारीवाल कॉलोनी में विराजित गणेशजी को ट्रेक्टर-चार पहिया वाहन में रखकर बैंड, ढोल के साथ नगर में भ्रमणकर गुलाल उढ़ाते हुए श्रृद्धालु बिदाई जूलुस में चल रहे थे। वहीं अन्य संस्थाओं द्वारा किए गए विसर्जन में भारी संख्या में धर्मालु मौजुद थे। वहीं कुछ स्कुलों ने भी विघ्नहर्ता का उत्साह के साथ विसर्जन किया।

### मुस्तैद रहा प्रशासन

सुजापुर तालाब पर विसर्जन के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जावरा-पिपलोदा क्षेत्र में सुजापुर का तालाब सबसे बड़ा एवं विशाल है जहां जावरा सहित सुखेड़ा, मऊखेड़ी, पंचेवा, जेठाना, सुजापुर सहित 12 से अधिक गांव से विसर्जन के लिए बड़ी तादात में बच्चे, युवा, बड़े आते है। प्रशासन सुबह से लेकर शाम तक उपस्थित रहा।